(99)

मध्यप्रदेश राज्य रोजगार गांरटी परिषद, भोपाल

(पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के अधीन पंजीकृत संस्था)

क्रमांक/13615/MIS\NR-10/NREGA

भोपाल, दिनांक 31/10/09

प्रति,

मुख्य कार्यपालन अधिकारी,
जिला पंचायत .... (समस्त)
मध्यप्रदेश

विषय :– लेबर बजट वर्ष 2009–10 का अर्द्धवार्षिक समीक्षा एवं 2010–11 के अनुमान पर प्रस्तुतीकरण बाबत्।

---0---

विषयांतर्गत भारत सरकार द्वारा अनुमोदित लेबर बजट 2009–10 के निर्देशों के क्रम में लेबर बजट का अर्द्धवार्षिक समीक्षा (mid-term review) की जाना है। इस हेतु परिषद मुख्यालय भोपाल में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एवं परियोजना अधिकारी द्वारा माह– नवम्बर 09 में संलग्न कार्यक्रम अनुसार जिलों द्वारा वित्तीय वर्ष 2009–10 एवं 2010–11 के लेबर बजट के संबंध में प्रस्तुतीकरण करेंगे। प्रस्तुतीकरण में निम्नलिखित बिन्दुओं को सम्मिलित किया जाना है।

लेबर बजट 2009–10 हेतु चर्चा के बिन्दु :–

1. मासिक लेबर बजट के विरूद्ध विगत छः माह की उपलब्धि।
2. पिछले छः माह के लेबर बजट एवं जिले की प्रगति को दृष्टिगत रखते हुए आगामी छः माह का लेबर बजट पुनरीक्षित करने की आवश्यकता है अथवा नहीं औचित्य सहित विवरण देवें।
3. लेबर बजट के वर्कप्रोजेक्शन के अनुसार क्या 125 प्रतिशत कार्यों की स्वीकृति की गई है अथवा नहीं विवरण सहित।
4. लेबर बजट के ऑनलाईन एम.आई.एस. की स्थिति।
5. अनुमोदित लेबर बजट के अनुरूप अपेक्षित प्रगति न आने के प्रमुख कारण।
6. सड़क निर्माण कार्यक्रम को सेल्फ ऑफ प्रोजेक्ट में शामिल करना।

लेबर बजट 2010–11 हेतु चर्चा के बिन्दु :–

1. लेबर बजट पर चर्चा।
2. सड़क निर्माण कार्यक्रम को सेल्फ ऑफ प्रोजेक्ट में शामिल करना।
3. जिले का मासिक लेबर बजट।
4. वित्तीय वर्ष 2010–11 में लिए जाने वाले कार्यों एवं उनकी प्राथमिकता पर चर्चा।
5. अन्य विभागों के साथ कनवर्जेन्स

संलग्न :– उपरोक्तानुसार

(रश्मि अरूण शमी)
मुख्य कार्यपालन अधिकारी,
म.प्र.राज्य रोजगार गारंटी परिषद,
भोपाल